उच्च न्यायालय म0प्र0: जबलपुर

//शुद्धिपत्र//

क्र0– 693 /परीक्षा/22 जबलपुर, दिनांक–09/02/2022

दिनांक–12.11.2021 को मध्यप्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायालयों में शीघ्रलेखक ग्रेड–2, शीघ्रलेखक ग्रेड–3, शीघ्रलेखक ग्रेड–3 (कोर्ट मैनेजर स्टाफ), सहायक ग्रेड–3 एवं सहायक ग्रेड–3 (English Knowing) के पदों की भर्ती/नियुक्ति हेतु विज्ञापन–2021 प्रकाशित किया गया था, उक्त विज्ञापन में दर्शित ''महत्वपूर्ण बिन्दु'' की कंडिका क्रमांक–3 को विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर निम्नानुसार नवीन कंडिका प्रतिस्थापित की जाती है:–

किसी अभ्यर्थी के पास एक से अधिक पदों की शैक्षणिक अर्हता है तो वह चयन किये गये ग्रुप के अतिरिक्त किसी अन्य ग्रुप हेतु भी दिनांक–15.02.2022 (01.00 PM) से दिनांक– 17.02.2022 (11.00 PM) तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है।

वे समस्त अभ्यर्थी जो उक्त पदों हेतु पूर्व में ऑनलाईन आवेदन कर चुके हैं, उनके लिये दिनांक–15.02.2022 (01.00 PM) से दिनांक–17.02.2022 (11.00 PM) तक, पृथक से लिंक उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.mphc.gov.in पर उपलब्ध करवाई जावेगी, जिसके माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थी लॉग–इन कर (आवेदन क्रमांक व पासवर्ड दर्ज कर) आवेदित ग्रुप के अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हता अनुसार अन्य ग्रुप हेतु भी आवेदन कर सकेंगे।

नोट–

1.– वे अभ्यर्थी जो अन्य ग्रुप में आवेदन नहीं करना चाहते उन्हें लॉग–इन करने की आवश्यकता नहीं है।

2.– लॉग–इन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में यह माना जावेगा कि वे अन्य ग्रुप में आवेदन करने के इच्छुक नहीं है। दिनांक–17.02.2022 (11.00 PM) के पश्चात् पृथक से और समय नहीं दिया जावेगा, इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार/ई–मेल स्वीकार्य नहीं होगा एवं स्वतः निरस्त माना जावेगा।

3.– ध्यान रहे यह सुविधा चयन किये गये ग्रुप के अतिरिक्त अन्य ग्रुप का चयन करने के लिये उपलब्ध करवाई जावेगी, ऑनलाईन फार्म में किसी भी अन्य प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।

4.– चयन किये गये ग्रुप के अतिरिक्त अन्य ग्रुप हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में यह माना जावेगा कि उनके पास अतिरिक्त चयन किये गये ग्रुप से संबंधित समस्त शैक्षणिक अर्हता उपलब्ध है। वांछित शैक्षणिक अर्हता ना होने की दशा में अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकेगा।

5.– उक्त पदों की भर्ती/नियुक्ति हेतु ऑनलाईन प्रारंभिक परीक्षा निर्धारित तिथि (दिनांक–22.02.2022) को ही आयोजित होगी।

शेष विज्ञापन पूर्वानुसार यथावत् रहेगा।

09.2.22

रजिस्ट्रार जनरल